# सीएम आज माता शबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

## भगवान श्रीराम वन गमन के दौरान सीतामढ़ी क्षेत्र से गुजरे थे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 फरवरी को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है.**



ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्री लंका पहुंचे थे. इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था. शहडोल जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है. दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है.

### 767 करोड़ की लागत वाले 142 कार्यों का होगा लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 8 फरवरी को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ रुपए की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे. इन कार्यों में 633 करोड़ रुपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा. इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मप्र लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मप्र पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं.

**सीएम करेंगे नवनिर्मित वॉटर पार्क का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क का लोकार्पण करेंगे. वॉटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है. स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे.

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### आखिर जुबां को हो क्या गया

पिछले कुछ समय से कुछ मंत्रियों की जुबां से कुछ ऐसा निकल रहा है, जिससे सरकार की किरकिरी हो रही है. अब सवाल ये है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? हाल ही में एक संत मिजाज के मंत्रीजी ने कुछ ऐसा बोल दिया कि विपक्ष ने इसे हाथों हाथ लपक लिया. अब मंत्रीजी को सफाई देना पड़ रहा है. वे एक सरकारी कार्यक्रम में लोगों की कम उपस्थिति से खफा थे, उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें सुनने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ेगा. लेकिन ऐसा हुआ नहीं. बस फिर क्या था उन लाड़ली बहनों के बारे में कुछ ऐसा बोल दिया, जिन बहनों को सरकार का दुलार और सम्मान मिल रहा है, आखिर इन बहनों ने ही तो 2023 में जबर्दस्त एकजुटता दिखाई थी, जिसके चलते वे भी मंत्री बन सके थे.

#### जग हसाई कराने वाले कौन

पिछले दिनों कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी के गठन का सिलसिला शुरू हुआ, लेकिन ये कार्यकारिणी गठित होने के बाद सवाल उठने लगे कि इसके गठन के बाद कोई सक्रिय कार्यकर्ता बाहर बचा भी या नहीं. दरअसल कार्यकारिणी में 200 से लेकर 250 तक कार्यकर्ताओं को एडजस्ट करने की कोशिश की गई. मंशा तो ये थी कि कोई नाराज न हो, लेकिन नतीजा ये हुआ कि घोषित होने के बाद जिला से लेकर दिल्ली तक नाराजगी फैल गई. अब इस तरह की कार्यकारिणी पर रोक लगाने की नसीहत मिल गई है. उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इसका आकार सीमित हो सकता है. लेकिन सवाल वही है कि आखिर जगहसाई कराने वाले इस तरह के निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार कौन हैं?

#### कॉडर की काबिलियत पर सवाल खड़े कर दिए

पिछले दिनों एक जिले के कलेक्टर ने कुछ ऐसा किया कि जिससे पूरे कॉडर की काबिलियत पर ही सवाल खड़े हो गए? दरअसल ये कलेक्टर पिछले दिनों ओला गिरने से गेहूं की फसल को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए खेतों में पहुंच गए थे, यहां उन्होंने मौका- मुआयना किया. यहां तक तो ठीक था, लेकिन जैसे ही उन्होंने ये जानना चाहा कि गेहूं की बालियां कहां लगती है तो फिर उनकी क्षमता पर अचानक सवाल उठ खड़े हो गए. अब यदि कलेक्टर को ही ये नहीं पता कि गेहूं, धान, चना, मटर, मूंग की फसल होती कैसे है, तो फिर कहीं न कहीं आईएएस की चयन और ट्रेनिंग पर भी सवाल तो उठते हैं. यूपीएसजी जी...

#### कैबिनेट में शामिल नहीं हुए मंत्रीजी

प्रदेश के कद्दावर मंत्री का पिछले दिनों कैबिनेट में शामिल नहीं होना चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल साहब राजधानी में ही थे और बाद में मंत्रालय भी पहुंचें, लेकिन कैबिनेट में नहीं. आखिर क्या बात है कि वे लगातार गैरहाजिर बने हुए हैं. अब सवाल उठ रहा है कि क्या उनका सरकार से मोहभंग हो गया है. ये आने वाले दिनों में मंत्रीजी के रूख से साफ भी हो जाएगा.

## गेहूं उपार्जन बोनस में कटौती पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल,07 फरवरी. मध्यप्रदेश में आज से गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन प्रारंभ होने के साथ ही कांग्रेस ने किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए घोषित बोनस राशि में कटौती का आरोप लगाया है.**

शनिवार को जारी एक बयान में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राहुल राज ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है, लेकिन किसानों को अब तक प्रति क्विंटल 2,700 का आश्वस्त मूल्य नहीं मिल रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले प्रति क्विंटल 175 बोनस देने का वादा किया था, जिसे बिना किसी स्पष्ट कारण के घटाकर मात्र 25 कर दिया गया है. राहुल राज ने सवाल किया कि बोनस राशि में इतनी बड़ी कटौती क्यों की गई और क्या यही कृषि वर्ष में किसानों को दिया जाने वाला सरकार का उपहार है. उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती कृषि लागत के बीच यह फैसला किसानों की आय पर सीधा असर डालेगा. कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से इस निर्णय पर स्पष्टता देने और किसानों से किए गए वादों को निभाने की मांग की.



## किसानों की बेहतरी के लिए सरकार ने पूरी जिम्मेदारी ली

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की बेहतरी के लिए सरकार ने पूरी जिम्मेदारी ली है. किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाने के लिए हम शिद्दत से प्रयासरत हैं. उन्होंने कहा कि सशक्त किसान से ही समृद्ध मध्यप्रदेश का निर्माण होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार, 7 फरवरी से प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का काम प्रारंभ हो चुका है. किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है. अन्नदाताओं की सुविधा के लिए राज्य भर में 3186 किसान पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं.

## मंत्री विजय शाह ने फिर मांगी माफी

### 09 को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 फरवरी. प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर माफी मांगी है. शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है.**

शाह के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के मामले में सोमवार 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी. वीडियो में मांफी मांगते हुए शाह ने कहा कि मैंने पहले भी कई बार कहा है कि मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज या किसी वर्ग का अपमान हो. वे शब्द नि:संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे. वे शब्द देशभक्ति के उत्साह, आवेश और उत्तेजना में निकल गए थे. आप सभी जानते हैं कि मेरी ऐसी कोई दुर्भावना नहीं थी. उन्होंने कहा कि मैंने अंत:करण से क्षमा याचना की. पहले भी कई बार की है. आज एक बार फिर कर रहा हूं. मेरे लिए ये अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी ी त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ.

मुझे विश्वास है कि मेरी भावनाओं को सही संदर्भ में समझा जाएगा. भारतीय सेना के प्रति मेरे मन में सदैव सम्मान रहा है और रहेगा. शाह ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए शब्दों का मर्यादा, संवेदनशीलता जरुरी है. इस घटना से मैंने आत्ममंथन किया है. सबक लिया है. अपनी जिम्मेदारी मानता हूं, भविष्य में वाणी पर नियंत्रण रहेगा. ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी. एक बार पुन: उस मामले में आप सभी से, भारतीय सेना से, सब लोगों से अंत:करण से माफी मांगता हूं. यहां बता दें कि पिछले वर्ष शाह ने महू में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया था, उसके बाद हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे. बाद में ये मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा. कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की, जिसकी अंतिम रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकी है. एसआईटी ने भी सुप्रीम कोर्ट से मामले की विस्तृत जांच के लिए और अतिरिक्त समय की मांग की थी.

## प्रदेश के 11 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल,07 फरवरी. मध्य प्रदेश में फरवरी माह की शुरुआत में एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया है. बारिश और ओलावृष्टि का दौर थमने के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में सर्द हवाओं के प्रभाव से तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है.**



ग्वालियर-चंबल अंचल में ठिठुरन सबसे अधिक महसूस की जा रही है, जबकि भोपाल, उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में भी रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है. प्रदेश के 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है. कटनी, शहडोल और छतरपुर जिले सबसे ठंडे रहे. दिन के समय धूप निकलने के बावजूद सर्द हवाओं के चलते लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी मौसम की स्थिति लगभग ऐसी ही बनी रहने की संभावना है.

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. शहडोल जिले के कल्याणपुर और कटनी जिले के कारौंदी क्षेत्र में शीत लहर का प्रभाव दर्ज किया गया. इस दौरान अधिकतम तापमान में सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ और तापमान सामान्य के आसपास बना रहा.

वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में इसमें भी कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया, हालांकि रीवा और शहडोल संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.0 से 2.2 डिग्री सेल्सियस तक कम दर्ज किया गया, जबकि शेष संभागों में तापमान सामान्य रहा. वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे क्षेत्रों में माध्य समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है. इसके साथ ही मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक ट्रफ 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है.

## लापता लोगों की संख्या को लेकर उमंग सिंघार ने कसा तंज

**भोपाल, 07 फरवरी. लापता लोगों की संख्या के संबंध में सामने आए आंकड़ों को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार को 'बधाई' दी है.**



श्री सिंघार ने सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए तंज कसा है. उन्होंने कहा है, ''मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को बधाई ! मध्यप्रदेश अब देश में 'अनट्रेस्ड मिसिंग पर्सन' के मामलों में पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़कर सबसे ऊपर पहुँच गया है. भाजपा सरकार इसे एक 'शानदार' उपलब्धि के तौर पर देख सकती हैं. जारी संसद सत्र में केंद्र सरकार ने खुलासा किया कि 2020 में मध्य प्रदेश में कुल 48 हजार अनट्रेस्ड मिसिंग पर्सन के मामले थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 60 हजार हो गई. जबकि पश्चिम बंगाल, जो 2020 में 52 हजार मामलों के साथ पहले नंबर पर था, अब दूसरे स्थान पर धकेल दिया गया है.''

## अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**मन्दसौर. कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग के तहत मोड़क पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर घेराबंदी कर बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों को पकड़ा, जिनके कब्जे से एक अवैध ऑटोमेटिक पिस्टल एवं 7.65 एमएम के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. पकड़े गए आरोपियों में वसीम उर्फ सलाम मोहम्मद मंसूरी पिता बशीर पिंजारा, निवासी सिपाही मस्जिद, भानपुरा एवं उसका साथी अरशील निवासी रामगंजमंडी शामिल हैं. पुलिस को चकमा देकर फरार होने का प्रयास आरोपियों द्वारा किया गया, जिसे पुलिस टीम ने नाकाम कर दिया.

## पशु तस्करी के खिलाफ अभियान तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल,07 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध गौवंश एवं अन्य पशुओं की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.**



बीते सात दिनों में पुलिस ने समन्वित, खुफिया सूचना आधारित और तकनीक-सहायित कार्रवाइयों के जरिए 141 गौवंश एवं अन्य पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराया है. इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त कई वाहनों को भी जब्त किया गया है. छतरपुर जिले में नौगांव पुलिस ने सूचना के आधार पर फोरलेन हाईवे पर एक संदिग्ध 16 चक्का ट्रक को रोका. तलाशी के दौरान ट्रक में क्षमता से अधिक 45 मवेशी भरे पाए गए, जिसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक से 22 भैंस और पाड़ा बरामद किए. इस कार्रवाई में तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए. बरामद सामग्री की कुल कीमत लगभग 26 लाख रुपये आंकी गई है. सिवनी में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर वाहन को जब्त कर उसमें अवैध रूप से ले जाए जा रहे 27 गौवंश को मुक्त कराया.

## होली पर रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन की सुविधा


**भोपाल, 07 फरवरी. होली के त्योहार के अवसर पर रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के बीच 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. इस ट्रेन में वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच होंगे.**

ट्रेन दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशन पर रुककर यात्रा करेगी. यात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण कर सकते हैं. गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से 27 फरवरी और 02 मार्च 2026 को दोपहर 2:25 बजे रवाना होकर दानापुर 28 फरवरी और 03 मार्च को सुबह 8:45 बजे पहुंचेगी. यह मार्ग में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा सहित कई स्टेशनों पर रुकेगी.

वापसी में गाड़ी संख्या 01668 दानापुर से 28 फरवरी और 03 मार्च 2026 को 11:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी.

## जन-केंद्रित न्यायपालिका पर राष्ट्रीय मंथन

**भोपाल, 7 फरवरी. नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी, भोपाल में शनिवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हो गई. इस सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत सहित देशभर से 25 से अधिक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और वरिष्ठ न्यायाधीश भाग ले रहे हैं.**



- **सीजेआई और 25 हाईकोर्ट चीफ जस्टिस हुए शामिल**
- **सुलभ और समयबद्ध न्याय पर भी होगी चर्चा**

सीजेआई बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत का यह मध्यप्रदेश का पहला दौरा है. लंबे अंतराल के बाद इतनी बड़ी संख्या में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एक साथ भोपाल में जुट रहे हैं, जिससे यह सम्मेलन न्यायिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है. सम्मेलन की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन-केंद्रित न्यायपालिका' रखी गई है. इसी विषय पर मुख्य रूप से विमर्श होगा. चर्चा का केंद्र न्याय व्यवस्था को आम नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के उपाय रहेंगे. सम्मेलन के दौरान न्यायिक प्रशासन, तकनीकी नवाचार, न्याय तक पहुंच और संस्थागत समन्वय जैसे विषयों पर भी मंथन किया जाएगा.

सीजेआई के भोपाल प्रवास के दौरान उनकी अगवानी से लेकर नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी पहुंचने तक की संपूर्ण व्यवस्था प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के जिम्मे है. प्रवास के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं की भी सीजेआई से शिष्टाचार भेंट हुई.

**बैठक** | जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत बनाने की कवायद

## कांग्रेस ने की सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 07 फरवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की व्यापक समीक्षा की.**



यह बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन स्थित कनेक्ट सेंटर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने की. बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की. इसमें जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कनेक्ट सेंटर के माध्यम से संगठनात्मक संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया. इसके बाद इंदिरा भवन में आयोजित एक अन्य संगठनात्मक बैठक में प्रदेश भर में पार्टी ढांचे को और सशक्त बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया. चर्चा में ग्राम पंचायत एवं वार्ड समितियों के गठन की रूपरेखा तय करने और आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को समयबद्ध रूप से लागू करने पर सहमति बनी. बैठकों में एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी चंदन यादव, पूर्व मंत्री एवं एसआईआर प्रभारी सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले, कनेक्ट सेंटर प्रभारी राजीव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन को बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को सीधे जनता से जोड़ते हुए सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करने के निर्देश दिए.

## आपत्तिजनक पोस्ट करने पर 2 लड़कियों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिंड.** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक और अमर्यादित वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने दो युवतियों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं. एक मामले में धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप है, जबकि दूसरे में महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की शिकायत मिली है. पहले मामले में जिले के लहार अनुभाग के रावतपुरा निवासी युवती पर आरोप है कि उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट 'सिब्बो लहार' से 3 फरवरी से 4 फरवरी के बीच चार पांच वीडियो पोस्ट किए. कल एक समाज विशेष के लोगों ने लहार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

### पेज एक का शेष

## देश में बढ़ेगा दाल उत्पादन

बीज से लेकर बाजार तक किसानों की चिंता सरकार करेगी. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के बाद सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंथन कर दलहन उत्पादन बढ़ाने का राष्ट्रीय रोडमैप तैयार किया जाएगा. इस मिशन के तहत मध्य प्रदेश को 354 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी.

**-खाट पर बैठकर की चर्चा**

राष्ट्रीय सम्मेलन से पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित देश के प्रमुख दलहन उत्पादक नौ राज्यों के कृषि मंत्रियों ने अमलाहा स्थित इकार्डा क्षेत्र में तैयार चने और मसूर की उन्नत किस्मों की फसल का अवलोकन किया. खाट पर बैठकर वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों से उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक और बेहतर उत्पादन पद्धतियों की जानकारी भी साझा की. दलहन उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि, बेहतर विपणन व्यवस्था और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई. राष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव एवं गोपाल इंजीनियर आदि उपस्थित थे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14